हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 28 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री से.
न्यूनतम 29.0 डिग्री से.

10 इंडस में जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता...



10 एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में लगाए...



# भाजपा ने प्रदेश में पारदर्शी और जनहितैषी शासन व्यवस्था स्थापित की : नायब सैनी

## संतों के आदर्शों को अपनाने, पर्यावरण संरक्षण, गोसेवा, समाज सेवा व मानव कल्याण में योगदान देने का आह्वान

### मुख्यमंत्री ने उझाना में श्रीश्री 1008 सिद्ध बाबा खाकनाथ महाराज के नवनिर्मित समाधि स्थल पर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के कल्याण और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर विकास की नीति पर कार्य कर रही है और प्रदेश में पारदर्शी तथा जनहितैषी शासन व्यवस्था स्थापित की गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को जींद जिले के गांव उझाना में श्रीश्री 1008 सिद्ध बाबा खाकनाथ जी महाराज के नवनिर्मित समाधि स्थल पर आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को श्रीश्री 1008 सिद्ध बाबा खाक नाथ जी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की शुभकामनाएं देते कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। उन्होंने उपस्थितगण से संतों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने, पर्यावरण संरक्षण, गौसेवा, समाज सेवा और मानव कल्याण में अपना योगदान देने का आह्वान किया। सीएम ने मंत्रोच्चारण के बीच मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में लिया हिस्सा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्रीश्री 1008 सिद्ध बाबा खाकनाथ जी महाराज के श्री चरणों में अपनी श्रद्धा, आस्था और कृतज्ञता के श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए मंत्रोच्चारण के बीच मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा लिया और मंदिर में ध्वजारोहण किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बीच बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पेड़ मां के नाम महिम के तहत खेल स्टेडियम उझाना में पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि जींद की धरती पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम बना है, जो किसी विशेष मुहूर्त पर ही बनता है। यह वो समय है जब अपने संत समाज के महापुरुष और प्रदेश के राजा यानी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एक साथ बैठे हैं। यह संगम प्रदेश में विकास, सुख, शांति और समृद्धि की बहार को और तेज करने वाला है। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के हर जरूरतमंद की जरूरत के अनुसार अनेक योजना और नीतियां की तैयार किया हैं और उन्हें धरातल पर लागू करके लोगों तक योजनाओं व नीतियों के लाभ को पहुंचाया जा रहा है। प्रदेश में युवाओं को योग्यता के आधार पर बिना खर्ची बिना पर्ची सरकारी नौकरियां दी जा रही है। मुख्यमंत्री के इस कार्य की पूरे देश में चर्चा हो रही है। दूसरे प्रदेशों के मुख्यमंत्री भी हरियाणा के मुख्यमंत्री जैसी मुस्कुराहट, सरलता, कार्यशैली की तारीफ करने के साथ सा खुद भी अपनाने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर कार्यक्रम के आयोजक महंत योगी पीर राजनाथ, महंत योगी पीर पूर्णनाथ, महंत योगी पीर जिताईनाथ, महंत संपूर्णानाथ ब्रह्मचारी, सूचना आयुक्त अमरजीत सिंह, जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल, मार्केट कमेटी के चेयरमैन अमित ढाकल, भाजपा वरिष्ठ नेता जवाहर सैनी, करण प्रताप सिंह व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।





जींद। मुख्यमंत्री नायब सैनी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते व कार्यक्रम में पहुंचे गणमान्य लोग व पौधरोपण करते मुख्यमंत्री नायब सैनी व यज्ञ में पूर्ण आहुति डालते हुए सीएम नायब सैनी। फोटो :हरिभूमि





### सरकार ने खेतों के रास्ते भी किए पक्के: महंत

राजस्थान के तिजारा विधायक महंत योगी बालकनाथ ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तीव्र गति से विकास कार्य करवा रहे हैं। राजस्थान प्रदेश में अभी बहुत अधिक विकास कार्यों की जरूरत है, पर हरियाणा में भाजपा सरकार ने तो खेतों के रास्ते भी पक्के कर दिए हैं। मानव जाति के उत्थान के लिए बाबा खाकनाथ जी के संदेश को जन-जन तक पहुंच कर मानव कल्याण का कार्य करें।

## खबर संक्षेप

### रंजिशन असलहा के बट से पीटा, दो नामजद

**जींद।** गांव घिमाना बस अड्डे के निकट दो युवकों ने बाइक सवार व्यक्ति को रोक कर उसके साथ मारपीट की और अवैध असलहा के बट मारे। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम, मारपीट करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। बहबलपुर निवासी सहदेव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 11 जुलाई को वह बाइक लेकर शहर से अपने घर जा रहा था।

### कहासुनी के चलते मारपीट करने पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव मखंड में कहासुनी के चलते मारपीट करने पर उचाना थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव मखंड निवासी सत्यवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के करतार से कहासुनी हो गई। जिस पर करतार ने उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसे चोटें आई। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर करतार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्कूल का ताला तोड़कर बैट्री व अन्य सामान चोरी

**जींद।** गांव जलालपुरा कलां में बीती रात चोरों ने सरकारी स्कूल का ताला तोड़ कर तीन बैटरी तथा गैस सिलेंडर को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव जलालपुरा कलां सरकारी स्कूल के मुखिया जोगेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने स्कूल के कमरे का ताला तोड़ कर तीन बैटरी तथा गैस सिलेंडर को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

### मकान का ताला तोड़कर नकदी तथा जेवरात चोरी

**जींद।** शाहपुर में दिनदहाड़े चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर नकदी व जेवरों को चोरी कर लिया। घटना के दौरान घर में कोई मौजूद नही था। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाहपुर निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गाड़ी चलाता है। गत 25 जुलाई को दिन में वह गाड़ी लेकर चला गया। दिन में घर कोई नही था। शाम को जब वह घर लौटा तो घर पर लगा ताला टूटा हुआ था। मकान में सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। संदूक से 22 हजार रुपये की नगदी, सोने की अंगूठी, तबीजी, चांदी की पाजेब व अन्य सामान गायब था।

### महिला को धक्का देकर नीचे गिरा कर पर्स छीना

**जींद।** डीआरडीए के सामने हुडा मार्केट के साथ गली में एक युवक ने महिला को धक्का देकर पर्स छीन लिया और फरार हो गया। पर्स में नकदी तथा चांदी की पाजेब थी। सिविल लाइन थाना ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ छीना-झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निडानी निवासी रामनिवास की पत्नी रोशनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस दोपहर बाद वह डीआरडीए के सामने श्योराण कालोनी की तरफ जाने वाले रास्ते से वापस गोहाना रोड की तरफ जा रही थी। जब वह हुडा मार्केट के पीछे रास्ते से गुजर रही थी।

### कृषि भूमि बेचने के नाम पर ₹3.76 लाख की धोखाधड़ी

**कैथल।** पूंडरी के गांव पाई के दो ग्रामीणों से कृषि भूमि बेचने के नाम पर 3.76 लाख धोखाधड़ी कर ली। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पाई निवासी किसान चमेला राम और राजबीर ने बताया कि पाई निवासी रणबीर ने 8 कनाल कृषि भूमि 23 लाख प्रति एकड़ के हिसाब से बेचने का सौदा किया। 10 फरवरी 2025 को दोनों पक्षों के बीच इकरारनामा हुआ, जिसके तहत रणबीर ने 3.76 लाख बतौर बयाना चेक से प्राप्त कर लिए थे।

# मजूदरों को मिलने वाली सुविधाओं से गैर जरूरी शर्तें हटवाने की मांग

- भवन निर्माण के मजदूरों ने मांगों को लेकर सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

भवन निर्माण के मजदूरों की समस्याओं को लेकर भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन ने 13 सूत्री मांगों को लेकर सीटीएम मोनिका को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के जिला प्रधान सुधीर कारसिंधु ने कहा कि सरकार मजदूरों का पंजीकरण स्वयं करे, पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल किया जाए और कार्य के दौरान मृत्यु होने पर 50 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। सभी हित लाभ पंजीकरण के साथ ही शुरू किए जाएं विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए। श्रमिकों को हीत लाभ तुरंत दिए जाएं फैमिली आईडी में कंस्ट्रक्शन वर्कर की शर्त हटाई जाए भवन निर्माण के पात्र श्रमिकों को रद्द किए गए पंजीकरण को बिना किसी शर्त के तुरंत बहाल किया जाए आदि मांगे रखी। यूनियन जिला सचिव धर्मबीर ने कहा गैर जरूरी शर्तें लगा कर सरकार हीत लाभ नहीं दे रही है। आज आप जानते हो कि पहले ही काम नहीं मिल रहा है, ऊपर से सरकार ने इतनी शर्त लगा दी है। अनपढ़ गरीब मजदूर शर्तों को पूरा नहीं कर सकता है। प्रमाणित करने के लिए यूनियनों को यह अधिकार दिया जाए। जिससे कारीगर मजदूरों को आसानी हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार चंद पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है।



# सफाई कर्मी वेतन न मिलने के कारण परिवार सहित भूखा मरने के कगार परः महेन्द्र कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

नगर पालिका कर्मचारी संघ की ब्लाक कमेटी कैथल द्वारा नपा में 165 सफाई कर्मचारियों का चार माह का वेतन का भुगतान करने, नया टेन्डर जारी कर पुराने कर्मचारियों को वापस डयूटी पर लेने, 15220 रुपये वेतन बैक के माध्यम से देने, ईपीएफ व ईएसआई का लाभ देने, रिटायर्ड होने पर 5 लाख रुपए और ड्यूटी पर दुर्घटना में मौत होने पर 10- लाख व परिवार के एक सदस्य को स्थाई रोज़गार देने, जब तक टेंडर जारी नही होता तब तक अप्रूवल देकर इन्ही कर्मचारियों को कार्य पर रखकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की मांग को लेकर ओर अन्य लोकल मांगों को लेकर नगर परिषद कैथल के प्रागण में प्रदर्शन किया। बाद में उन्होंने अपनी मांगों का ज्ञापन जिला आयुक्त को सौपा। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान की संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया। ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान व विक्की टाँक ने कहा की आपनी मांगो को लेकर ब्लॉक कमेटी की तरफ से कार्यकारी आधिकारी जिला अयुक्त (डीएमसी) चैयरमैन महोदय शहरी स्थानीय निकाय निदेशक विभागीय मंत्री व भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी को ज्ञापन दे चुके हैं।



कैथल। नप कार्यालय में प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### चोरी की होंडा सिटी गाड़ी सहित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए कलायत पुलिस द्वारा उल्लेखनीय सफलता हासिल करते चोरीशुदा होंडा सिटी गाड़ी तथा 30 गाड़ी बैटरियों सहित आरोपी को काबू किया गया है। डीएसपी बीर भान ने बताया कि सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में एएसआई नरेंद्र सिंह, एचजीएच अमन कुमार व एचजीएच विक्रम की टीम को 26 जुलाई की रात थाना कलायत क्षेत्र में नेशनल हाईवे-152 पर गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली कि मटौर रोड के पास सड़क किनारे सिल्वर रंग की होंडा सिटी कार काफी देर से संदिग्ध अवस्था में खड़ी है। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस टीम जब बताए गए स्थान पर पहुंची तो कार के पास खड़ा एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन पुलिस कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते उसे मौके पर ही काबू कर लिया।

# नशा तस्कर की 1. 35 करोड़ रुपये की कृषि भूमि अटैच

- आरोपी ने नशे के अवैध कारोबार से अर्जित धन से भूमि खरीदी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत एक कुख्यात नशा तस्कर की करीब 1.35 करोड़ रुपये मूल्य की कृषि भूमि अटैच करवाई गई है। इस कार्रवाई के तहत राजेश उर्फ राजा वासी गांव नगूंरा की 13 कनाल नौ मरला कृषि भूमि को अटैच किया गया है। जिसकी कीमत करीब एक करोड़ 35 लाख रुपए है। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि यह संपत्ति नशीले पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध आय से खरीदी गई है। पुलिस प्रवक्ता राजेश कुमार ने बताया कि थाना सदर नरवाना में दर्ज मामले में आरोपित राजेश उर्फ राजा वासी नगूरां को 5.270 किलोग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया था। मामले की गहन जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी ने नशे के अवैध कारोबार से अर्जित धन से इस कृषि भूमि खरीदी थी। जींद पुलिस द्वारा नशा तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से ऐसे तस्करों की अवैध संपत्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में संबंधित थाना प्रबंधक द्वारा जांच के उपरांत विस्तृत प्रस्ताव को भेजा गया था। सभी तथ्यों एवं साक्ष्यों की समीक्षा के बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा उक्त संपत्ति को फ्रीज करते हुए अटैच करने के आदेश जारी किए गए। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। केवल गिरफ्तारी ही नही बल्कि नशे के अवैध कारोबार से अर्जित संपत्तियों को भी कानून के तहत जब्त एवं अटैच कराया जाएगा।

### नवोदय : छठी में प्रवेश के लिए 31 तक करें आवेदन

**कैथल।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य उमेश ने बताया कि प्रवेश के लिए वे विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, जो कैथल जिले के निवासी हैं तथा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान जिले के सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त स्कूल में पांचवीं में अध्ययनरत हैं। आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कक्षा छठी में प्रवेश जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 के माध्यम से किया जाएगा।

# गांव जाखौली के पास नहर में मिला हाबड़ी के मुकेश का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

खंड के गांव जाखौली के पास से गुजर रही नहर में करीब 30 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। खेतों की ओर जा रहे किसानों ने जब नहर में शव देखा तो तुरंत इसकी सूचना तितरम थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान गांव हाबड़ी निवासी 30 वर्षीय मुकेश कुमार के रूप में हुई है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि युवक का पैर फिसलने से वह नहर में गिर गया होगा। रातभर नहर में पड़े रहने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं, जिससे किसी अन्य कारण की आशंका नहीं जताई जा रही।उधर, पूंडरी थाना में युवक के लापता होने का मामला पहले से दर्ज था। जांच अधिकारी मनजीत सिंह ने बताया कि मुकेश कुमार कल दोपहर बाद घर से लापता हो गया था। परिजनों ने उसे अपने स्तर पर काफी तलाश किया और रिश्तेदारियों में भी जानकारी ली, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद युवक के जीजा ने पूंडरी थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई थी।

## रिक्त सीटें बचने पर ही चार अगस्त को होगी फिजिकल काउंसलिंग

# आज जारी होगी दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

यूजी कोर्स में पहली मेरिट लिस्ट के बाद खाली सीटों पर दाखिले के लिए 28 को दूसरी प्रोविजनल और 29 जुलाई को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, उनके पास 30 जुलाई से लेकर तीन अगस्त तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। इसके बाद भी अगर सीट खाली रह जाती है तो चार अगस्त से फिजिकल काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। पांच अगस्त को उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। जिसमें विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन और पहले वाले आवेदन में बदलाव के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद छह से 12 अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले होंगे। अगर फिर भी सीट खाली रह गई तो इसके बाद 13 से 19 अगस्त तक पहले वाले 100 रुपये और हर रोज 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले हो सकेंगे। राजकीय पीजी कालेज में पहली मेरिट लिस्ट के बाद 396 विद्यार्थियों ने फीस जमा करवाई है। इसमें से बीए संकाय में 170, बीएससी फिजिकल सांइस में 40, बीएससी लाइफ साइंस में 38, बीसीए में 42, बीकाम में 64, बीबीए में 12, बैचलर आफ साइंस विद मेजर इन फिजिक्स में पांच, बैचलर आफ साइंस विद मेजर इन कैमिस्ट्री में एक, बीए इकोनामिक्स में चार, बीए इंग्लिश में छह, बीए ज्योग्राफी में 10, बीए हिस्ट्री में सात और बीए मेजर इन मैथ में छह विद्यार्थियों ने फीस जमा करवाई है।



जींद। राजकीय महाविद्यालय में दाखिला लेने आए छात्र। फोटो :हरिभूमि

### कल जारी होगी दूसरी मेरिट लिस्ट

राजकीय महाविद्यालय के प्रचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि यूजी कोर्स में दाखिले के लिए 28 जुलाई को दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। वहीं 29 को फाइनल मेरिट लिस्ट लगेगी। पहली मेरिट लिस्ट में काफी संकायों में मेरिट लिस्ट 100 से ऊपर रही है। वहीं दूसरी मेरिट लिस्ट में भी काफी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, उन्हें चाहिए कि वे निर्धारित समय पर फीस जमा करवा कर अपना दाखिला सुनिश्चित करें।



कैथल। हड़ताल के बीच अदालत के द्वार पर बैठे प्रधान व अन्य वकील।

### डिफेंस काउंसिल और अतिरिक्त डिफेंस काउंसिल की नियुक्ति के विरोध में वकीलों ने की हड़ताल

**कैथल।** जिला और उप मंडल अदालतों में डिफेंस काउंसिल और अतिरिक्त डिफेंस काउंसिल की नियुक्ति के विरोध में वकीलों की हड़ताल आज भी जारी रही। आज भी वकीलों ने अदालतों में कोई कामकाज नहीं किया जिससे दूर-दूर से आए मुवक्किलों को भारी परेशानी हुई। इन नियुक्तियों के विरोध में हरियाणा के वकील गत 20 जुलाई से हड़ताल पर हैं। इसी मांग को लेकर पंजाब के वकील 6 जुलाई से हड़ताल पर हैं। वकीलों का कहना है कि अदालतों में चीफ डिफेंस कौंसल और एडिशनल चीफ डिफेंस काउंसिल की नियुक्ति से मुवक्किलों को परेशानी होगी। पहले डीएलएसए द्वारा पैनल पर एडवोकेट नियुक्त किए जाते थे लेकिन अब स्थाई नियुक्ति कर दी है जिससे वकीलों में नाराजगी है। ये कौंसल शिकायत तथा बचाव दोनों की तरफ से पैरवी कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### न्यू प्रगति स्कूल डाहौला के खिलाड़ी छाए प्रदर्शन

**जींद।** अलेवा ब्लॉक में आयोजित ब्लॉकस्तरीय खेल प्रतियोगिता में न्यू प्रगति सीनियर सेकेंडरी स्कूल डाहौला के खिलाडि़यों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 बालक एवं बालिका वर्ग में विद्यालय के खिलाडि़यों ने आठ स्वर्ण पदक सहित अनेक पदक अपने नाम किए। बालिका वर्ग में खिलाडि़यों ने पांच स्वर्ण पदक हासिल किए। जबकि अंडर 19 वॉलीबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, अपहरण का केस

**जींद।** हकीकत नगर से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। हकीकत नगर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी नाबालिग बेटी सुबह घर से निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अग्रसेन स्कूल के बच्चों का पोस्ट ऑफिस भ्रमण

**जींद।** स्थानीय महाराजा अग्रसेन कन्या वमावि के सातवीं कक्षा के बच्चों को स्कीम नंबर 19 स्थित डाकघर का शैक्षिक भ्रमण किया गया। वहां पर हेड पोस्ट मैनेजर नरेश व अन्य से मुलाकात कर टिकटों, पत्रों, पार्सल एकोरियर एस्पीड पोस्ट और लेटर बॉक्स से संबंधित जानकारियां प्राप्त की। डाक के माध्यम से चिट्ठी कैसे आती-जाती है इस बारे में जाना। डाकघर के विभिन्न काउंटरों और पार्सल बुकिंग की भी जानकारी प्राप्त की। विद्यालय प्रधान महावीर गुप्ता ने कहा किताबी शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान से रूबरू होना अति आवश्यक है।

### अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में दो घायल

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए। शिकायतों के आधार संबंधित थाना पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पाजूकलां निवासी प्रमोद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव खेड़ाखेमावती अड्डे पर परिवहन समिति बस की टक्कर से उसका चाचा लोकेश घायल हो गया। वहीं गांव काब्रच्छा निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 17 जुलाई को उसके बेटे कुलबीर की बाइक को दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें कुलबीर घायल हो गया।

### छोटू राम किसान कॉलेज में कारगिल दिवस मनाया



**जींद।** छोटू राम किसान कालेज में एनसीसी के छात्र व छात्राओं द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। प्राचार्य डा. जगबीर सिंह ने कारगिल विजय की याद दिला कर विधार्थियों को राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा ही देश के राष्ट्र निर्माता है, इन्हें देश सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। प्रो. सुशील शर्मा, डा. अजमेर हुड्डा, डा. संदीप बूरा, डा. सतकुमार व डा. सोनू मोर उपस्थित रहे।

### शिक्षा कमेटी ने सीएम से मिलकर रखी अपनी मांगें

**नरवाना।** सोमवार को बडनपुर में शहीद भगत सिंह शिक्षा कमेटी ने मुख्यमंत्री के सामने उझाना गांव में दौरे के दौरान अपना पक्ष रखा। कहा कि 3 वर्ष पहले शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर द्वारा जो ग्रांट मंजूर की थी वे ठेकेदार व प्रशासनिक अधिकारी की लापरवाही की वजह से अभी तक ग्रांट नहीं लग पाई है। ग्रांट का इस्तेमान न होने से स्कूल की चारदिवारी व सौर ऊर्जा पैनल का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। शहीद भगत सिंह इंकलाब मंच के डॉ प्रवीण कुमार ने बताया कि गांव में तीनों स्कूलों के रास्ते गंदे पानी से भरे हुए हैं जिस कारण मच्छर व बीमारियां फैल रही हैं।

---

### खिलाड़ी तीन अगस्त तक दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

# इंडस में जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता प्रारंभ

## मानसिक-बौद्धिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास जरूरी : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय खेल शिक्षा विभाग की तरफ से इंडस पब्लिक स्कूल जींद में जिलास्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियागिता का शुभारंभ हुआ। ये प्रतियोगिताएं 27 जुलाई से तीन अगस्त तक आयोजित करवाई जाएगी। जिसमें जींद जिले के अलेवा, जुलाना, नरवाना, पिल्लूखेड़ा, सफीदों, उचाना और जींद के विद्यार्थी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। प्रतियोगिताओं के शुभारंभ पर बतौर मुख्यअतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी देवी एवं विशिष्ठ अतिथि उप जिला शिक्षा अधिकारी पुष्पा मोर, बीईओ जींद सरोज, बीईओ पिल्लूखेड़ा, बीईओ अलेवा अनिल बाला, बीईओ जुलाना धमेन्द्र, प्राचार्या बीके दत्त, प्राचार्या पूर्णिमा, प्राचार्या विनिता, प्राचार्या प्रवेश, कुलदीप अहलावत, सुनीता बूरा, एईओ मुनित बेरवाल, स्कूल निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा और उपप्राचार्य प्रवीन कुमार विषेश रूप से उपस्थित रहे। अतिथिगण ने ध्वजारोहण किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उनके सम्मान में मार्च पास्ट किया तथा स्वागत गीत, खेल से संबंधित उत्साहवर्धन नृत्य और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। इंडस पब्लिक स्कूल जींद के छात्र ने सभी खिलाडियों को खेल को खेल की भावना से खेलने की शपथ दिलाई। स्कूल प्राचार्या अरूणा षर्मा ने आए हुए अतिथिगण का गुलदस्ते देकर स्वागत किया। मुख्यअतिथि मुन्नी देवी ने अपने संबोधन में बच्चों का हौंसला बढ़ाते हुए और खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में मानसिक एवं बौद्धिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास का होना भी बहुत जरूरी है, इसलिए सभी छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने सभी प्रतिभागी खिलाडि़यों को आर्शीवाद देते हुए कहा कि आज के छात्र वर्ग को शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ खेलों पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बच्चों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि यदि हम शारीरिक रूप से स्वस्थ होगें तभी पढ़ाई की तरफ भी पूरा ध्यान दे पाएंगें। खेलों के माध्यम से ही हमारे अंदर आत्मविष्वास और मेल-जोल की भावना बढ़ती है।



जींद। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर ध्वजारोहण करते मुख्यअतिथि। फोटो :हरिभूमि



जींद। कराटे खेल से प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### चयनित राज्य स्तरीय खेलों का प्रतिनिधित्व करेंगें

एईओ मुनित बेरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में अंडर 14, 17, 19 लड़के व लड़कियों के कुल 33 खेलों के मुकाबले होंगें। प्रतियोगिता के पहले दिन बेडमिंटन, नेटबाल, कराटे, फैंसिंग, टेनिस, जिमनास्टीक, वेटलिफ्टिंग, ताईकवांडों, बेसबाल, सोफटबाल, फुटबाल और क्रिकेट के मुकाबले शुरू हुए। इन जिला स्तरीय खेलों के चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय खेलों का प्रतिनिधित्व करेंगें।

### जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में शुभम ने जीता स्वर्ण

**उचाना।** जींद में आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शिक्षा भारती ग्लोबल स्कूल बुडायन के छात्र शुभम ने भारोत्तोलन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर उसे स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। छात्र की सफलता पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य हरेंद्र कुमार ने कहा कि शुभम ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। विद्यालय खेल, सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियों में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है तथा विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में आगे बढने के अवसर दिए जा रहे हैं। चेयरमैन राजबीर सिंह, निदेशक कुलदीप बिढान ने शुभम को बधाई देते उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शुभम की इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय का नाम रोशन हुआ है और अन्य विद्यार्थियों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी।

---



जींद। प्रतिभावान छात्रों को संबोधित करते कुलदीप रंधावा। फोटो :हरिभूमि

## शिक्षा से ही व्यक्तित्व व समाज का विकास : कुलदीप रंधावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

केंद्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में सोमवार को राजकीय वमावि रामराये में मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में 10वीं एवं 12वीं में मेरिट प्राप्त छात्रों को सम्मानित कर उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए । कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यअतिथि जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा ने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक, नैतिक एवं व्यक्तित्व विकास की आधारशिला है। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और कड़ी मेहनत आवश्यक है। मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। समारोह की अध्यक्षता परिवेदना व कष्ट निवारण समिति के पूर्व सदस्य मोहनलाल शर्मा ने की। कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान समाज के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करता है तथा ऐसे आयोजन छात्रों में आत्मविश्वास व प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं।

#### ये रहे मौजूद

केंद्रीय आर्य युवक परिषद जींद के जिलाध्यक्ष कृष्ण दहिया ने बताया कि परिषद द्वारा पूरे भारत में मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सम्मान अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विद्यालयों में मेरिट प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है ताकि युवाओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता व उत्कृष्टता की भावना विकसित हो। कार्यक्रम में जयप्रकाश दहिया, रामप्रकाश मुद्गिल, माजरा खाप सदस्य राममेहर आदि उपस्थित रहे। प्राचार्या ज्योति ने अध्यापकों, अभिभावकों तथा गांव के गणमान्य नागरिकों का धन्यवाद करते मेधावियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ आगे बढने का आह्वान किया। अध्यापक मोहन शर्मा, राजकुमार, हरीश ढूल, प्राध्यापिका कविता, प्राध्यापिका सुधा, ज्योति, रितुराज, लक्ष्मी, राजलक्ष्मी, पूनम, एनसीसी कमांडर कुलदीप, रणधीर, अनिल, जयभगवान मौजूद रहे।

---

### पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) यूनिट की ओर से उच्च शिक्षा निदेशालय पंचकूला के महानिदेशक के निर्देशानुसार सोमवार से एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्देश्य वृक्षारोपण एवं पौध वितरण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और प्रकृति के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना है। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने अभियान का शुभारंभ करते हुए छात्राओं को पौधे वितरित किए। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण बेहद जरूरी है। पेड़ व पौधे हमें स्वच्छ वायु, स्वस्थ जीवन और संतुलित पर्यावरण प्रदान करते हैं। इनके बिना धरती पर जीवन की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने छात्राओं से इस नेक पहल में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।




जींद। छात्राओं को पौधे देते प्रिंसिपल। फोटो :हरिभूमि




जींद। डेंगू को लेकर जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### ग्रामवासियों को डेंगू से बचाव के तरीके बताए

**जींद।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालवा के तहत गांव कालवा में डेंगू रोधी माह के अवसर पर नुक्कड़ सभा स्वास्थ्य सुपरवाइजर बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें कर्मचारियों व ग्रामवासियों को डेंगू से बचाव के तरीके बताए गए। स्वास्थ्य सुपरवाइजर बिजेंद्र सिंह ने बताया कि डेंगू एक गंभीर मच्छर जनित बीमारी है लेकिन समय रहते सावधानी अपना कर इससे पूरी तरह बचाव किया जा सकता है। कहा कि डेंगू जैसी बीमारी को दूर रखना है तो प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। सभी से प्रत्येक रविवार को सूखा दिवस मनाने की अपील करते कहा कि घरों, दुकानों एवं आसपास के क्षेत्रों में रखे कूलर, पानी की टंकियां, गमले, फ्रिज की ट्रे, बाल्टियां, टूटे बर्तन, पुराने टायर तथा अन्य पानी जमा करने वाले पात्रों को सप्ताह में कम से कम एक बार पूरी तरह खाली कर साफ एवं सूखा रखें।

### स्वच्छता पखवाड़े के तहत निकाली जागरूकता रैली

**जींद।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्कोप चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से नरवाना में मोहलखेड़ा रोड के समीप जागरूकता रैली निकाली गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. राजेश्वर ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली के दौरान लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और अपने घरों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों को भी साफ.सुथरा रखने का संदेश दिया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. राजेश्वर ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ शरीर और स्वस्थ जीवन का आधार है। यदि घर और आसपास का वातावरण साफ.-सुथरा रहेगा तो अनेक बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने घर के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता बनाए रखने में भी सहयोग करें।




स्वच्छता पखवाड़े के तहत जागरूकता रैली निकालते स्कोप चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य।



खंड स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी प्राचार्या प्रोमिला मलिक के साथ।

### शिवानिया पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**उचाना।** राजीव गांधी खेल स्टेडियम खरकभूरा में 21 से 24 जुलाई तक आयोजित खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शिवानिया स्कूल, उचाना मंडी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ सभी विजेता खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया। प्रतियोगिता में स्कूल के 26 खिलाडि़यों ने एथलेटिक्स, आर्चरी, वॉलीबॉल सहित 4 खेल स्पर्धाओं में भाग लिया। सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता से लौटने पर विजेताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया , जिसमें उन्हें उनकी उपलब्धि पर बधाई देकर सम्मानित किया । प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते कहा कि शिवानिया स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।



रोहतक रोड चौकी इंचार्ज अमित खर्ब को सम्मानित करते एसो.के पदाधिकारी।

### भंडारे में गणमान्य नागरिकों ने ग्रहण किया प्रसाद

**जींद।** मैन्युफैक्चरिंग वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में संस्था के सदस्य राजकुमार वर्मा की ओर से विशाल धार्मिक भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक एवं सामाजिक भावना से आयोजित इस कार्यक्रम में एसोसिएशन के सदस्यों के अलावा शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों और समाजसेवियों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में रोहतक रोड चौकी इंचार्ज अमित खर्ब मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। पदाधिकारियों ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, त्वरित कार्रवाई करने तथा आमजन के प्रति उनकी संवेदनशील कार्यशैली की सराहना की। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान सतीश कुमार ढिल्लो, डा. राजकुमार गोयल, मुकेश सिंगला सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

## प्रकृति के प्रति संवेदनशील व्यवहार जरूरी

■ वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल में चलाया पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पर्यावरण संरक्षण हरियाली को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से सोमवार को वुड स्टॉक पब्लिक स्कूल में पौधरोपण अभियान चलाया गया। जिसमें स्कूल छात्रों, स्टाफ के अलावा वरिष्ठ नागरिक फोरम जींद का सहयोग रहा। वरिष्ठ नागरिक फोरम के अध्यक्ष डा. एके चावला ने छात्रो को संबोधित करते कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। पौधा लगाना केवल एक गतिविधि नही बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, स्वस्थ वातावरण और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने का संकल्प है। स्कूल के निदेशक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक दिन या एक कार्यक्रम तक सीमित नहीं होना चाहिए। हमें अपने दैनिक जीवन में प्रकृति के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाना होगा। उपनिदेशक आशुतोष शर्मा ने कहा कि प्रत्येक पौधा भविष्य की एक उम्मीद है। यदि हम आज पौधे लगा कर उनकी देखभाल करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, स्वस्थ और बेहतर वातावरण दे सकेंगे। स्कूल प्रधानाचार्या सुकृति गौतम ने कहा कि श्विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं बल्कि उन्हें जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनाना भी है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों को प्रकृति के करीब लाते हैं और उनमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। वहीं कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों ने पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। ख्याति, अरमान सिंह, खुशी, दिया, पल्लवी, शिनू और सानवी ने अपने विचारों के माध्यम से पेड़, पौधों के महत्व, प्रदूषण नियंत्रण, जल संरक्षण, स्वच्छता तथा हरित भविष्य की जरूरतों पर प्रकाश डाला।






जींद। प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं से हर्षित प्रथम

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में कक्षा चौथी एवं पांचवीं के विद्यार्थियों के लिए अंतर सदन हिंदी एवं अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय देशभक्ति शहीद उधम सिंह जयंती एवं स्वतंत्रता दिवस रखा गया। विद्यार्थियों ने अपने प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से देशभक्ति, शहीद उधम सिंह के बलिदान तथा स्वतंत्रता दिवस के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं से हर्षित (सेन सदन) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी से शनाया (टेरेसा सदन) ने द्वितीय स्थान तथा अलीजेह (टैगोर सदन) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी भाषण प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं से अलीशा (टैगोर सदन) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी से अन्वी (टैगोर सदन) ने द्वितीय स्थान तथा प्रीत (टैगोर सदन) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

### जींद, जुलाना, सफीदों, उचाना व नरवाना के जलघरों और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में होगा पौधरोपण

**स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करेंगी पौधों की देखभाल अभियान की शुरुआत**

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में लगाए जाएंगे पांच हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जिला जींद के पांचों शहरों में लगभग पांच हजार पौधे लगाए जाएंगे। अभियान की शुरुआत जींद स्थित 15 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पौधरोपण के साथ की गई। इस दौरान विभाग के सर्कल कार्यालय, मंडल कार्यालय, उपमंडल कार्यालय और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में भी पौधे लगाए गए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता विक्रम सिंह मोर ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पौधरोपण और पौधों की देखभाल का अवसर मिला है। इससे महिलाओं को रोजगार के साथ-साथ सामाजिक कार्य करने से आत्मसंतुष्टि भी मिलेगी। उन्होंने महिलाओं से मेहनत और लगन से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पेड़.पौधों का मानव जीवन में बहुत महत्व है। पेड़ हमें ऑक्सीजन देने के साथ-साथ फल, फूल, जड़ी बूटियां और लकड़ी भी प्रदान करते हैं। इसलिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल करना भी जरूरी है। पौधरोपण से प्रकृति की सुंदरता बढ़ने के साथ पर्यावरण भी शुद्ध होगा।



जींद। पौधरोपण करने के मौके पर मौजूद विभाग के अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

#### पौधरोपण के साथ देखभाल जरूरी

कार्यकारी अभियंता भानु प्रकाश शर्मा ने कहा कि हमें प्राकृतिक संसाधनों जल और पेड़ व पौधों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। यदि हम प्रकृति का पोषण करते हैं तो यह हमारे जीवन का भी पोषण है। कहा कि सार्वजनिक स्थानों के साथ-साथ निजी स्थानों पर भी पौधे लगाए जाने चाहिए। यदि प्रत्येक परिवार का एक सदस्य एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी निभाए तो पर्यावरण में बड़ा सुधार लाया जा सकता है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना और खंड समन्वयक दिनेश कुमार ने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की मदद से जींद शहर में नीम, शीशम, जामुन, आम और अमरूद के 1200 पौधे लगाए जाएंगे।



नीट में उत्तीर्ण रहने वाले छात्र का मुंह मीठा करवाते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों को किया सम्मान

**उचाना।** विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले गांव बड़ौदा के दो होनहार छात्र तनुज और रोहित के घर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके परिवारजनों को शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि नीट जैसी कठिन परीक्षा में सफलता मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। तनुज और रोहित ने अपनी प्रतिभा के दम पर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। कहा कि युवा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज और देश की सेवा करें तथा अपने सपनों को साकार करें। इस दौरान विधायक ने दोनों छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके अभिभावकों की भी सराहना की और कहा कि बच्चों की सफलता में परिवार का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

**खबर संक्षेप**

## अभियान के तहत छात्रों ने लगाए पौधे

**कैथल।** महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय में आज पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए विद्यार्थियों द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' विशेष वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह संपूर्ण कार्यक्रम माननीय कुलगुरु आचार्य राजेंद्रकुमार अनायत के संरक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. जगत नारायण कौशिक ने की।



## गांव क्योडक में पहुंचा चलता-फिरता अस्पताल

**कैथल।** विधायक आदित्य सुरजेवाला ने एक बार फिर जनसेवा का अनुपम उदाहरण पेश किया है। हल्के के लिए उनके द्वारा चलाया जा रहा आदित्य सुरजेवाला चलता फिरता अस्पताल आज गांव क्योडक में पहुँचा। फ्री मेडिकल वैन से ग्रामवासियों का स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। फ्री मेडिकल शिविर में डॉ. साहिल और व स्टाफ नर्स कविता सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की जांच की।

## कल मनाई जाएगी गुरुपूर्णिमाः शास्त्री

**पूंडरी।** पुंडरी में प्रसिद्ध धर्माचार्य पंडित रवि दत्त शास्त्री ने बताया कि 29 जुलाई दिन बुधवार गुरुपूर्णिमा मनाई जा रही है। उन्होंने ने गुरुपूर्णिमा का महत्व बताते कहा कि आपत्तिकाल में जब सभी सहारे छूट जाए तो



आपका साहस आपका धैर्य तथा सतगुरु की प्रेरणा ही आपको शक्ति प्रदान कर सकती है। एक छोर सतगुरु के हाथों में तथा दूसरा छोर, स्वंय प्रमात्मा के हाथों में है। इसी की डोर के सहारे मनुष्य सफलता तक पहुंच सकता है। गुरु उसे कहते है जो एक हाथ से भगवान को पकड़कर रखे और दूसरे हाथ से शिष्य को पकडकर रखे और उचित अवसर आने पर दोनों को मिलाकर स्वयं बीच में से निकल जाए।

### डीएवी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के तहत क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं

# ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते कई पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीएवी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के अंतर्गत आयोजित क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ 26 जुलाई को किया गया और यह प्रतियोगिता 2 अगस्त को संपन्न होगी जिसमें करनाल , कैथल और जींद जिले के डीएवी स्कूल केखिलाड़ियों ने भागलिया। क्लस्टर तृतीय के क्लस्टर प्रमुख एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तवाड़ ने बताया कि डीएवी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के अंतर्गत ओ.एस.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल कैथल में बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं स्केटिंग प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें क्लस्टर ततीय के विभिन्न डीएवी विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

उन्होंने बताया कि क्लस्टर तृतीय के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में अलग-अलग खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। करनाल पुलिस पब्लिक स्कूल में फुटबॉल एवं जूडो, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल कैथल में हैंडबॉल एवं वेटलिफ्टिंग, डीएवी सैनेटरी पब्लिक स्कूल जींद में क्रिकेट, डीएवी पब्लिक स्कूल पुंडरी में बास्केटबॉल, वॉलीबॉल एवं कराटे तथा डीएवी पब्लिक स्कूल चीका में खो-खो, आर्चरी एवं कबड्डी प्रतियोगिताएँ सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। अंडर-19 फुटबॉल में लड़कों की टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया। कराटे में खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण एवं 3 रजत पदक, जबकि जूडो में लड़के एवं लड़कियों ने 16 स्वर्ण एवं 4 रजत पदक अर्जित किए। वहीं स्केटिंग में विद्यालय के खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इन शानदार उपलब्धियों के आधार पर विद्यालय के अनेक खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय डीएवी खेल प्रतियोगिताओं के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।




**कैथल।** स्केटिंग में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास

प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने सभी विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यालय के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों तथा क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करेंगे

### ये रहे विजेता

इन प्रतियोगिताओं में ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए अनेक पदक अपने नाम किए। बास्केटबॉल में विद्यालय की लड़के व लड़कियों की तीन टीमों ने स्वर्ण पदक तथा दो टीम ने रजत पदक जीता। खो-खो में अंडर-17 लड़के एवं लड़कियों दोनों वर्गों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बैडमिंटन में लड़के एवं लड़कियों की सभी टीमों ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। टेबल टेनिस में सभी आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वेटलिफ्टिंग में लड़के एवं लड़कियों ने मिलकर 13 स्वर्ण, 13 रजत एवं 3 कांस्य पदक जीते।

## खेल भावना, अनुशासन और निरंतर मेहनत के साथ आगे बढ़ने का आह्वान

■ राज्य स्तरीय दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रधान पुष्पेंद्र बरसाना ने गांव कुचपुरा में ईशा फाउंडेशन द्वारा आयोजित 2 दिवसीय राज्य स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में पहुंचकर खिलाडय़िों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सरपंच अंग्रेज सिंह भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस दौरान पुष्पेंद्र बरसाना ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेल भावना, अनुशासन और निरंतर मेहनत के साथ आगे बढऩे का आह्वान किया। पुष्पेंद्र बरसाना ने कहा कि खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये व्यक्तित्व निर्माण, टीम भावना, अनुशासन तथा स्वस्थ जीवन का मजबूत आधार हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनती हैं।



**कैथल।** दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ करते पुष्पेंद्र बरसाना।

### खेलों को अपनाएं

उन्होंने सभी खिलाड़ियां से नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। साथ ही आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना, आत्मविश्वास व सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाडय़िों, आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि सरकार भी खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और युवाओं को उपलब्ध संसाधनों का पूरा लाभ उठाकर अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना चाहिए।

## समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के निपटान में हो रहे कारगर साबित : मनीष

■ समाधान शिविर में एसडीएम मनीष कुमार यादव ने स्वयं लोगों की शिकायतें सुनीं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निपटान का सशक्त माध्यम बनकर उभरे हैं। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायतें रखने और उनका समाधान प्राप्त करने की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लेकर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।

सोमवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम मनीष कुमार यादव ने स्वयं लोगों की शिकायतें सुनीं। शिविर में प्राप्त अनेक शिकायतों का संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान किया गया।




**कैथल।** बांध की मरम्मत होने पर एसडीएम का मिठाई खिलाकर आभार जताते गांव सरोला के ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### समस्या के समाधान पर शिकायतकर्ता ने जताया आभार

सरोला गांव निवासी रिषपाल सिंह ने कुछ दिन पहले घग्गर नदी के बांध की मरम्मत संबंधी शिकायत एसडीएम मनीष कुमार यादव को दी थी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ था। एसडीएम द्वारा मामले का संज्ञान लेते हुए सिंचाई विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए, जिसके बाद विभाग ने कुछ ही दिनों में बांध की मरम्मत का कार्य पूरा कर दिया।

## औषधीय पौधे बांटकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**उचाना।** ब्राह्मण धर्मशाला उचाना में आयोजित मासिक हवन एवं सत्संग कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. दलवीर गोयत एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ओमपति ने मुख्य यजमान के रूप में पूर्णाहुति दी। अध्यक्षता ब्राह्मण धर्मशाला प्रधान रघुबीर शर्मा ने की। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां देकर सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की।

यज्ञ का संचालन शास्त्री सुनील दत्त तारखा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया। इस दौरान उन्होंने भजनों की प्रस्तुति भी दी। वहीं चंद्रपाल, रामपाल वैद, मुनीदेव और कर्मचंद ने भजन एवं धार्मिक उपदेशों के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को भारतीय संस्कृति और धर्म के प्रति जागरूक किया। हवन एवं सत्संग के उपरांत प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को औषधीय पौधे वितरित किए गए। इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम संयोजक मा. रामप्रसाद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही हम प्रकृति का संतुलन बनाए रख सकते हैं। बताया कि इस बार प्रसाद के रूप में औषधीय पौधे वितरित किए गए।

## दिव्यांगजनों को फ्री कृत्रिम अंग वितरित सेवा कार्यों से जुड़ने के लिए किया प्रेरित

■ नारायण सेवा संस्थान का स्नेह मिलन एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नारायण सेवा संस्थान द्वारा दया गुप्ता मानव मंदिर, नारायण सेवा केंद्र कैथल द्वारा समाजसेवा, मानवता और दिव्यांगजन कल्याण के उद्देश्य से /"स्नेह मिलन एवं भामाशाह सम्मान समारोह/" का भव्य आयोजन हनुमान वाटिका, कैथल में किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी, भामाशाह, गणमान्य नागरिक, उद्योगपति एवं बड़ी संख्या में दिव्यांगजन तथा उनके परिजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य वर्षों से मानव सेवा के इस अभियान में सहयोग देने वाले भामाशाहों, समाजसेवियों एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त करना तथा दिव्यांगजनों के जीवन को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संचालित विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी साझा करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पगड़ी दुपट्टे एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक चेयरमैन पूज्य कैलाश 'मानव' तथा अध्यक्ष 'सेवक' प्रशान्त अग्रवाल के सेवा संदेशों का उल्लेख करते हुए मानव सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया गया। कार्यक्रम में संस्थान की निदेशिका पलक अग्रवाल की प्रेरणादायी उपस्थिति ने सभी को सेवा कार्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिससे अनेक जरूरतमंदों को नया जीवन और आत्मविश्वास प्राप्त हुआ।



**कैथल।** अतिथियों को सम्मानित करते नारायण सेवा संस्थान के पदाधिकारी।

## किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखें अधिकारी : अपराजिता

■ समाधान शिविर में डीसी अपराजिता ने सुनी आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध समाधान के उद्देश्य से लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डीसी अपराजिता ने स्वयं नागरिकों की शिकायतें सुनी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में पेंशन, परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी तथा विभिन्न योजनाओं से जुड़ी शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त हुए। डीसी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए। सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं का प्रभावी समाधान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



**कैथल।** डीसी अपराजिता समाधान शिविर में लोगों की शिकायत सुनते हुए।

### ये रहे मौजूद

एडीसी डा. सुशील कुमार, एसडीएम संजय कुमार, सीटीएम कैप्टन प्रमेश सिंह, डीएसपी सुशील प्रकाश सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास से मनाया पानीपत जिला प्रभारी अशोक गुर्जर का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पानीपत जिला प्रभारी अशोक गुर्जर का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े हर्षोल्लास, उत्साह एवं आत्मीय वातावरण में मनाया गया। बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी सदस्य, मोर्चा पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने पुष्पगुच्छ एवं मिठाई खिलाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल सार्वजनिक जीवन की कामना की।

विभिन्न सामाजिक संगठनों एंव धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा भी शुभकामनाएँ प्रेक्षित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अशोक गुर्जर का राजनीतिक जीवन संगठन के प्रति समर्पण, अनुशासन और कर्मठता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है। इस अवसर पर मुनीष कठवाड़ पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा कैथल, देवेन्द्र पांचाल चेयरमैन, सुरेश संधू जिला उपाध्यक्ष, हिमांशु गोयल एडवोकेट, सीमा देवी, आदित्य भारद्वाज, परवीन प्रजापति आदि मौजूद रहे।



**कैथल।** वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर को जन्मदिन की बधाई देते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

## एसडीएम ने गांव खरौदी व भूना के राजकीय स्कूल में जांची व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

एसडीएम मनीष कुमार यादव अचानक सुबह के समय गांव खरौदी के राजकीय स्कूल में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कक्षा में शिक्षक को मोबाइल चलाते देखा तो उन्होंने सख्त निर्देश देते सभी शिक्षकों को कहा कि जब क्लास चल रही हो तो कोई भी शिक्षक मोबाइल का उपयोग नहीं करेगा। यदि कोई शिक्षक ऐसा करता हुआ पाया जाता है तो संबंधित टीचर के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शिक्षक का पूरा ध्यान शिक्षा प्रदान करने में केंद्रित हो। स्कूल में साफ-सफाई व अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त हो। बच्चों को सही से पढ़ाई का माहौल प्रदान किया जाए। इसके बाद एसडीएम मनीष कुमार यादव गांव भूना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा मनुष्य के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। यह केवल पढऩा-लिखना ही नहीं सिखाती, बल्कि सही और गलत के अंतर करने की समझ भी विकसित करती है। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति ज्ञान, कौशल और नैतिक मूल्यों को प्राप्त करता है। इसलिए सभी शिक्षक गंभीरता पूर्ण विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करें,इसमें कोई भी लापरवाही न बरते।

**बच्चों को सही से पढ़ाई का माहौल प्रदान किया जाए**



**कैथल।** एसडीएम मनीष यादव भूना के राजकीय स्कूल में पौधरोपण करते हुए।

## 'किसानों के हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता'

**पूंडरी ।** आगामी धान खरीद सीजन को लेकर मार्केट कमेटी पूंडरी परिसर में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी के चेयरमैन सुभाष हजवाणा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि मार्केट कमेटी सचिव गुलाब सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। संगोष्ठी में क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर धान खरीद व्यवस्था, कृषि योजनाओं, ऑनलाइन पंजीकरण तथा सरकारी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए चेयरमैन सुभाष हजवाणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसान हितैषी नीतियों पर कार्य कर रही है।



**कैथल।** किसान संगोष्ठी में किसानों को संबोधित करते चेयरमैन सुभाष हजवाणा।

**शिविर** — गुहला बार एसो.व नेकी का घर संस्था ने लगाया रक्तदान शिविर

## रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : अक्षय चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

गुहला न्यायालय परिसर के हॉल में गुहला बार एसोसिएशन एवं नेकी का घर संस्था के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गुहला न्यायालय के अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश अक्षय चौधरी तथा एसडीएम मनीष कुमार यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

एसडीएम मनीष कुमार यादव व नायब तहसीलदार बलराज मलिक ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश अक्षय चौधरी ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। यह ऐसा पुण्य कार्य है जिससे किसी अनजान व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि समाज में इस प्रकार के आयोजनों से मानव सेवा की भावना को बल मिलता है। एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। बार एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों द्वारा एसडीएम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रीति सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रक्तदान शिविर के दौरान गुहला नागरिक अस्पताल का स्टॉफ मौजूद रहा। इस रक्तदान शिविर में कूल 59 लोगों ने रक्तदान दिया।



**कैथल।** एसडीएम मनीष यादव शिविर में रक्तदान करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जूनियर सिविल जज राजविंद्र सिंह, नायब तहसीलदार बलराज सिंह, बार एसोसिएशन के प्रधान शुभम गर्ग, राजेश शर्मा (पिंटू), डीएवी कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. जसवीर सिंह, ऐमिनेट पर्सन प्रदीप वर्मा, डॉ. अमन बंसल, वेदराज, चरण सिंह, रविश कुमार, ज्ञान सिंह, लक्ष्मी नारायण, संदीप पुनिया, गुरमोलख, इकबाल सिंह, ताराचंद संधू, मोहित गुप्ता, दर्शन मलिक सहित बार एसोसिएशन के अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पॉक्सो एक्ट पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**सीवन।** महिला एवं बाल विकास विभाग, कैथल द्वारा बच्चों की सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पीएम श्री राजकीय कवमावि में पॉक्सो एक्ट पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग की ओर से पहुंचे सोशल वर्कर सुरेश कुमार ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। सुरेश कुमार ने बताया कि पॉक्सो एक्ट बच्चों को यौन शोषण, उत्पीड़न एवं अन्य अपराधों से कानूनी सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर सरल भाषा में समझाया तथा किसी भी प्रकार की अनुचित हरकत, धमकी या शोषण की स्थिति में बिना किसी डर या झिझक के अपने माता-पिता, शिक्षकों, स्कूल प्रशासन अथवा संबंधित सरकारी अधिकारियों को जानकारी देने का आह्वान किया।

**सूचना**

मैं, आजाद सिंह पुत्र श्री उदय सिंह निवासी गांव हाट तह. सफीदों जिला जींद बयान करता हूं कि मेरा पुत्र शुभम मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### 1560वें दिन भी जारी रहा किसानों का धरना

**नरवाना।** नरवाना तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में आज 1560 वें दिन भी जारी रहा जिस की अध्यक्षता बलदेव सिंह मोर ने की और मंच संचालन निहाल सिंह ने किया। मंच सांझा करते हुए मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा ने बताया कि सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है क्योंकि सरकार लगातार किसानों को बरगलाने का काम करती है ।

### ग्योंग में घर में घुसकर हमला, एक घायल

**कैथल।** गांव ग्योंग में ट्यूबवेल की बिजली लाइन को लेकर हुए विवाद के बाद एक परिवार पर घर में घुसकर हमला कर दिया। शिकायत के बाद कैथल सदर थाना पुलिस ने 8 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ग्योंग निवासी जोगी राम ने बताया कि करीब 15 दिन पहले गांव के गुरमेज ने उसके ट्यूबवेल की बिजली लाइन काट दी थी। 19 जुलाई को जब वह अपने खेत में ट्यूबवेल चलाने गया तो गुरमेज ने उसे ट्यूबवेल नहीं चलाने दिया, जिससे दोनों के बीच कहासुनी हो गई।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक घायल

**कैथल।** खुराना रोड पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज दौरान पीजीआई चंडीगढ़ में बयान देने के लिए फिट नहीं होने के कारण पुलिस तत्काल केस दर्ज नहीं कर सकी। अब घायल के स्वस्थ होने के बाद पुलिस ने 19 दिन बाद केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव खुराना निवासी ऋषिपाल ने बताया कि 7 जुलाई की शाम वह अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटर पर कैथल स्थित जिम से घर लौट रहा था। शाम करीब 7:30 बजे ढांडा पोल्ट्री फार्म के पास सामने से आ रही बाइक चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी स्कूटर में सीधी टक्कर मार दी।

### खाली प्लाटों में जलभराव से सेक्टरवासी परेशान

**जींद।** सेक्टर 11 की मार्केट में खाली प्लाटों के पास सीवरेज का गंद पानी जमा होने से लोग परेशान हैं। सेक्टर निवासी अजीत सिंह, सुभाष चंद्र व राजेश ने कहा कि पिछले चार दिन



से सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या है। अधिकारियों को बार-बार शिकायत देने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समय वर्षा का मौसम है। ऐसे में डेंगू व मलेरिया जैसे मच्छरों के पनपे का खतरा बना रहता है। वहीं गंदे पानी से बदबू आती रहती है। इस समस्या का समाधान जल्द होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कहने को तो यह शहर का पाश क्षेत्र है लेकिन सीवरेज ओवरफ्लो के कारण लोग परेशान हैं।

## निपुण हरियाणा मिशन के पांच वर्ष पूर्ण होने पर होंगे कार्यक्रम

# प्राथमिक विद्यालयों में कल होगा विशेष पीटीएम एवं लगाए जाएंगे निपुण स्टॉल

**सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक विद्यालय में होंगे विशेष कार्यक्रम : राजेश वशिष्ठ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

निपुण हरियाणा मिशन के सफलतापूर्वक पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि 29 जुलाई को जिले के प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) तथा निपुण स्टॉल का आयोजन किया जाए।

इस आयोजन का उद्देश्य अभिभावकों को निपुण भारत एवं निपुण हरियाणा मिशन की उपलब्धियों से अवगत कराना, बच्चों की सीखने की प्रगति सांझा करना तथा विद्यालय और अभिभावकों के बीच सहभागिता को और अधिक सुदृढ़ बनाना है।

जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि निपुण हरियाणा मिशन ने पिछले पांच वर्षों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन ) के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इसी उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाने तथा शिक्षा के प्रति सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक विद्यालय में आकर्षक निपुण स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों पर बच्चों द्वारा तैयार शिक्षण-अधिगम सामग्री, गतिविधि आधारित शिक्षण मॉडल, भाषा एवं गणित संबंधी नवाचार तथा विद्यार्थियों की रचनात्मक उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

विशेष पीटीएम के दौरान अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थिति, घर पर सीखने के वातावरण तथा दैनिक अभ्यास के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। साथ ही अभिभावकों को विद्यालय स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों से भी परिचित कराया जाएगा। बैठक में लाडो लक्ष्मी योजना, पैरेंट्स एप सहित अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उनका अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जाएगा

### शिक्षकों का होगा सम्मान

इस अवसर पर ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा स्थानीय गणमान्य नागरिकों को भी आमंत्रित किया जाएगा ताकि शिक्षा के क्षेत्र में सामुदायिक भागीदारी को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। निपुण बच्चों तथा नवाचारी शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिससे अन्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रेरणा मिल सके। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, क्लस्टर हेड, एबीआरसी, बीआरपी तथा विद्यालय प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि वे इस कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक एवं प्रभावी ढंग से आयोजित करें तथा अधिक से अधिक अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करें। यह आयोजन न केवल निपुण हरियाणा मिशन की पाँच वर्षों की उपलब्धियों का उत्सव होगा बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मजबूत विद्यालय-अभिभावक साझेदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी सिद्ध होगा।

## एक पौधा, एक उम्मीदः 7 दिवसीय अभियान में रोपे गए 765 पौधे


कैथल। पूर्व विधायक तेजवीर सिंह पौधारोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय, कौल में 21 जुलाई से 27 जुलाई 2026 तक सात दिवसीय पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष तेजवीर सिंह की प्रेरणा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में कुल 765 फलदार, फूलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया।

अभियान का आयोजन हरियाणा सरकार के "एक पेड़ मां के नाम" अभियान तथा हरित हरियाणा के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से किया गया। सात दिनों तक चले इस अभियान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पौधारोपण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### संरक्षण का भी लें संकल्प

डॉ. ऋषिपाल ने कहा कि "वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। हरियाणा सरकार का हरित अभियान जनसहभागिता से ही सफल होगा और युवा वर्ग इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# खिलाड़ियों ने शतरंज में दिखाया दम

■ ध्रुव पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जीते कई पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी


कैथल। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ध्रुव स्कूल के विजेता विद्यार्थी।

ध्रुव पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पुंडरी इंडोर स्टेडियम में आयोजित ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आयु वर्गों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं अन्य स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, एकाग्रता और खेल कौशल का शानदार परिचय देते हुए अनेक पदकों पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में अंडर-14 बालिका वर्ग में अंशी ने द्वितीय तथा भूमि ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालिका वर्ग में रीत प्रथम, राशि द्वितीय, उर्वी तृतीय तथा नंदनी चतुर्थ स्थान पर रहीं। अंडर-19 बालिका वर्ग में मन्नत ने प्रथम, अवंतिका ने द्वितीय, स्वास्तिका ने तृतीय तथा पूर्वी ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। इसी प्रकार अंडर-14 बालक वर्ग में लक्षयित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग में अव्युक्त प्रथम, अंशुल द्वितीय तथा रॉबिन तृतीय स्थान पर रहे।

### विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना

विद्यालय के प्राचार्य प्रवीन ढिल्लो ने सभी विजेता विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके अनुशासन, निरंतर अभ्यास और कठिन परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय के विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अभिभावकों और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय की शतरंज प्रशिक्षिका कोमल जांगड़ा को भी दिया। उन्होंने कहा कि उनके समर्पित मार्गदर्शन, नियमित प्रशिक्षण और अथक मेहनत के कारण विद्यार्थियों ने यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेता विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं प्रशिक्षिका कोमल जांगड़ा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अग्रवाल धर्मशाला में जमी सुरों की महफिल, झूमे दर्शक

## सतीश कुमार और राजीव सैनी ने किया भरपूर मनोरंजन, जीती ट्राफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

**सामाजिक संस्था सृष्टि फाउंडेशन के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम**


जींद। कार्यक्रम में गीतों का लुत्फ उठाते श्रोता। फोटो : हरिभूमि

शहर की सामाजिक संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में सुरों की महफिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के ही गायक कलाकारों ने अपनी गायकी से जहां महान गायकों को श्रद्धांजलि दी वहीं अपने सुरों से सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। सृष्टि संगीत संध्या कार्यक्रम में सतीश कुमार व राजीव सैनी ने अपने सुरीले गीतों द्वारा विजेता ट्राफी जीती।

सृष्टि के प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि नीरज शर्मा द्वारालोग कहते हैं कि मैं शराबी हूं, लक्की बत्तरा ने तेरी दुनिया से होके मजबूर चला, रमेश बंसल ने मेरे यार की शादी है, मयंक ने सागर जैसी आंखों वाली सिंदर ने अगर मुझसे मोहब्बत है, मनोज भारद्वाज ने तेरे चेहरे में वो जादू है, विनय अरोड़ा ने तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे, नरेश शर्मा ने जान चली जाए, वेद प्रकाश ने चंदन सा बदन, सतीश कुमार ने मेघा रे, मेघा रे, सुरेंद्र धीमान ने तेरा चेहरा, डा. क्यूटी ने तू जहां-जहां चलेगा, मेरा साया साथ होगा, मनोज जाखड़ ने आजकल याद और कुछ रहता नही, राजीव सैनी ने चला जाता हूं, वीना भारद्वाज ने अपलम-चपलम, तृषा ने एक राधा, एक मीरा गीत गायक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### सभी कलाकारों को किया गया सम्मानित

सृष्टि संयोजक डा. विवेक सिंगला ने कहा कि कार्यक्रम के समापन सभी गायक कलाकारों को सम्मानित किया गया और उनकी हौंसलाअफजाही की गई। उन्होंने कहा कि सृष्टि द्वारा समय-समय पर सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस बार यह कार्यक्रम सृष्टि द्वारा नयना प्रोजेक्ट कार्यक्रम के तहत किया गया है। कार्यक्रम में सभी को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया गया।



जींद। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि

## नशे जैसी सामाजिक बुराई की रोकथाम को युवाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी : डॉ. अनुराधा सैनी

**जींद ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से मेरा युवा भारत केंद्र जींद द्वारा श्विकसित भारत के लिएद्नशा मुक्त युवा३ अभियान के अंतर्गत मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 युवाओं ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता के माध्यम से नशा मुक्त समाज का प्रभावशाली संदेश दिया। नगर परिषद जींद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मोती लाल विद्यालय के प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया व प्राचार्य रविंद्र कुमार ने शिरकत की। प्रतियोगिताओं में चित्रकला, ग्रुप सॉंग, ग्रुप डांस, नुक्कड़ नाटक, रील शॉर्ट फिल्म, स्लोगन राइटिंग, स्लैम पोएट्री तथा डिबेट, एलोक्यूशन का आयोजन किया गया। चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ उनकी जागरूकता एवं सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशा मुक्त भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। स्कूल के प्राचार्य रविंद्र ने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर देता है। इसलिए प्रत्येक युवा को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए और समाज को नशा मुक्त बनाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

# चिराग पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा रेनू ने नीट में हासिल की ऑल इंडिया 870वीं रैंक

■ 11 हजार रुपये व चांदी के सिक्के से हुआ सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना


जींद। रेणु को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

चिराग पब्लिक स्कूल नरवाना की पूर्व छात्रा रेनू ने नीट में ऑल इंडिया 870वां तथा श्रेणी में 271वां रैंक हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी शिक्षकगण व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह के दौरान होनहार छात्रा रेनू को 11 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि, चांदी का सिक्का, डॉक्यूमेंट फाइल व पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया। रेणु की माता को शॉल एवं पिता को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। अपनी सफलता और पुरानी यादों को साझा करते हुए छात्रा रेनू ने कहा कि मेरी शिक्षा की शुरुआत इसी विद्यालय से हुई थी। जब वह प्राथमिक कक्षाओं में इस विद्यालय में पढ़ती थी, तब इस बात का अहसास नहीं था, लेकिन शिक्षकों द्वारा दी गई वही मजबूत नींव आज उनकी इस सफलता का आधार बनी है। उन्होंने पुराने शिक्षकों को इस विद्यालय में मौजूद पाकर बेहद खुशी जताई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित के.एम. कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजेश श्योकंद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटे बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए इस प्रकार का शानदार कार्यक्रम आयोजित करना चिराग पब्लिक स्कूल की दूरगामी सोच को दर्शाता है।

# सेक्टर-18 में 11 केवी हाई टेंशन लाइन हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

**आरडब्ल्यूए ने मुख्यमंत्री सहित उच्च अधिकारियों को भेजा ज्ञापन**

सेक्टर-18, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण कैथल की रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सेक्टर के मध्य से गुजर रही 11 केवी उच्च वोल्टेज विद्युत लाइन को जनसुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताते हुए मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन के साथ सेक्टर का स्वीकृत ले-आउट प्लान भी संलग्न किया गया है। आरडब्ल्यूए ने अपने ज्ञापन में हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में आधुनिक आधारभूत संरचना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नागरिक सुविधाओं तथा शहरी विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की है।

### तेजी से बन रहे मकान

एसोसिएशन ने यह भी बताया कि सेक्टर-18 में तेजी से आवासीय विकास हो रहा है तथा अनेक परिवार यहाँ निवास कर चुके हैं। बड़ी संख्या में भवन निर्माण कार्य भी जारी हैं। 11 केवी लाइन एवं उसके पोलों की वर्तमान स्थिति के कारण भवन निर्माण, क्रेन, सरिया एवं अन्य निर्माण उपकरणों के सुरक्षित संचालन में कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं। भविष्य में आबादी बढ़ने के साथ दुर्घटना का जोखिम और अधिक बढ़ सकता है तथा इससे सेक्टर के सुनियोजित विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।



## एसडीएम ने मोबाइल मेडिकल यूनिट को दिखाई हरी झंडी

**गुहला-चीका।** गुहला बार एसोसिएशन एवं नेकी का घर संस्था द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान लोगों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नवीन जिंदल फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट (वैन) का शुभारंभ किया गया। एसडीएम मनीष कुमार यादव ने रिबन काटकर वैन को हरी झंडी दिखाते हुए इसकी शुरुआत की। इस अवसर पर एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी पहल है। इसके माध्यम से गुहला एवं आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों को उनके घर के नजदीक ही निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## बैंक रोड एसोसिएशन की कार्यकारिणी का विस्तार


सावर गर्ग

**जींद ।** बैंक रोड एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान अशोक गोयल ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए साड़ी एसोसिएशन के प्रधान सावर गर्ग को संरक्षक तथा युवा समाजसेवी मुकेश गोयल को बैंक रोड एसोसिएशन का सलाहकार नियुक्त किया है। दो दिन पूर्व बैंक रोड के दुकानदारों ने एकजुट होकर नई बैंक रोड एसोसिएशन का गठन किया था। इसमें सर्वसम्मति से अशोक गोयल को प्रधान चुना गया था। अब संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए दोनों अनुभवी और सक्रिय व्यक्तियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त संरक्षक सावर गर्ग और सलाहकार मुकेश गोयल ने एसोसिएशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन पर जो विश्वास जताया गया हैए उस पर वे पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।बैंक रोड के सभी व्यापारियों को साथ लेकर बाजार की समस्याओं के समाधान, व्यापारिक हितों की रक्षा और बाजार के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य किया जाएगा।

**आस्था** | शिव चालीसा व महामृत्युंजय मंत्र के नियमित पाठ का आह्वान

# 30 से शुरू होगा सावन, शिव पूजा और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व : सत्यनारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


जींद। प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर पुजारी सत्यनारायण शांडिल्य।

प्राचीन श्री राधा कृष्ण मंदिर, लाला प्रभु दयाल चौधरी धर्मार्थ ट्रस्ट के पुजारी सत्यनारायण शांडिल्य ने बताया कि 30 जुलाई से सावन मास का शुभारंभ हो रहा है। सावन भगवान शिव की आराधना का सबसे पवित्र महीना माना जाता है। इस दौरान श्रद्धापूर्वक शिव पूजा, व्रत, जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, जीवन में सुख-शांति का आगमन होता है तथा शारीरिक एवं मानसिक कष्टों से राहत मिलती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से शिव चालीसा और महामृत्युंजय मंत्र का नियमित पाठ करने का भी आह्वान किया।

पुजारी ने बताया कि इस वर्ष सावन के चार सोमवार 3 अगस्त, 10 अगस्त, 17 अगस्त और 24 अगस्त को पड़ेंगे। इन दिनों शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना और जलाभिषेक का महत्व रहेगा। समुद्र मंथन के समय निकले कालकूट विष का पान भगवान शिव ने सृष्टि की रक्षा के लिए किया था। विष की तीव्रता को कम करने के लिए देवी-देवताओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया था। तभी से सावन मास में जलाभिषेक और रुद्राभिषेक की परंपरा विशेष रूप से प्रचलित है।

शांडिल्य ने बताया कि सावन सोमवार का व्रत करने से योग्य जीवनसाथी की प्राप्ति, दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि, ग्रह दोषों का निवारण, नकारात्मकता का अंत तथा आर्थिक उन्नति का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि सावन केवल उपवास का महीना नहीं, बल्कि पारिवारिक और धार्मिक उत्सवों का भी समय है। इस माह हरियाली तीज, रक्षाबंधन जैसे प्रमुख पर्व मनाए जाते हैं तथा विवाहित महिलाएं मंगलवार को मंगला गौरी व्रत रखकर अखंड सौभाग्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करती हैं।

### ये है धार्मिक मान्यता

उन्होंने कहा कि रुद्राभिषेक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विभिन्न पदार्थों से अभिषेक करने की धार्मिक मान्यताएं हैं। जल से वर्षा की कामना, कुशोदक से रोगों से मुक्ति, दही से भवन एवं वाहन सुख, गन्ने के रस से लक्ष्मी प्राप्ति, शहद एवं घी से धन वृद्धि, तीर्थ जल से मोक्ष, इत्र मिले जल से रोग निवारण, दूध एवं गौ दुग्ध से संतान सुख, गंगाजल से ज्वर शांति तथा घृत धारा से वंश वृद्धि की मान्यता है। श्रद्धा और विधि-विधान से किया गया रुद्राभिषेक भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त कराने वाला माना गया है।

## शिव गो चिकित्सालय में लगवाईं मच्छरदानियां


कैथल। मच्छरदानियों का अवलोकन करते संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य।

**पूंडरी ।** सामाजिक संस्था एक किरण उम्मीद की ने गौसेवा के क्षेत्र में सराहनीय पहल करते हुए पाई रोड स्थित शिव गौ चिकित्सालय में गौमाता को मच्छरों एवं अन्य कीटों से बचाने के लिए मच्छरदानियां लगवाईं। संस्था के इस प्रयास की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। संस्था की अध्यक्ष निधि मोहन ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति की पहचान है। बरसात में मच्छरों के प्रकोप के कारण गोवंश को अनेक बीमारियों का खतरा बना रहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए शिव गौ चिकित्सालय में मच्छरदानियां लगवाई गई हैं, ताकि गौमाता को सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके। उन्होंने समाज के सभी लोगों से गौसेवा के लिए आगे आने तथा अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहयोग करने की अपील की। मुनीश मित्तल एवं परवीन मित्तल ने कहा कि गौवंश की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है।